दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 03
अंकः- 332
मुरादाबाद
24 March 2024
(Sunday)
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड




## सम्मानित महसूस कर रहा हूं, हवाई अड्डे तक छोड़ने आए भूटान के राजा तो पीएम मोदी ने जताया आभार

भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ-साथ प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पीएम मोदी को हवाई अड्डे तक छोड़ने आए थे। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने टोबगे और राजा का आभार जताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भूटान का दो दिन दौरा करने के बाद दिल्ली वापस लौट आए हैं। उन्होंने भारत आने के बाद भूटान यात्रा से जुड़ी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। साथ ही पीएम ने हवाई अड्डे तक छोड़ने आए राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक का आभार जताया। गौरतलब है, भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के साथ-साथ प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पीएम मोदी को हवाई अड्डे तक छोड़ने आए थे। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, दिल्ली के लिए रवाना होते समय हवाई अड्डे पर भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे मुझे छोड़ने आए। मुझे बहुत सम्मानि महसूस हुआ। ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित -भूटान की यात्रा को खास बताते हुए पीएम ने कहा, भूटान की यह यात्रा काफी खास रही। मुझे राजा, प्रधानमंत्री तोबगे और भूटान की जनता से मिलने का अवसर मिला। हमारी बातचीत भारत-भूटान मित्रता को और मजबूती देगी। मैं ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो से सम्मानित होने के लिए भी आभारी हूं। भूटान के लिए भारत हमेशा एक विश्वसनीय दोस्त- उन्होंने आगे कहा कि वह भूटान की जनता का गर्मजोशी और आतिथ्य सत्कार के लिए बहुत आभारी हैं। भूटान के लिए भारत हमेशा एक विश्वसनीय दोस्त और साझेदार रहेगा। मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन- इससे पहले पीएम मोदी ने थिम्फू में ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। बता दें, अस्पताल को भारत सरकार की मदद से बनाया गया है।इसके उद्घाटन पर पीएम मोदी ने कहा, %ग्यालत्सुएन जेत्सुन पेमा वांगचुक मदर एंड चाइल्ड अस्पताल का उद्घाटन किया, जो कई परिवारों के लिए एक आशा की किरण के रूप में है। यह अस्पताल एक स्वस्थ भविष्य की पीढ़ी को पोषित करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।



## संक्षिप्त समाचार



### डिप्टी सीएम केशव बोले- अनर्गल प्रलाप न करें विपक्षी नेता, एजेंसियां गलत हैं तो निर्णय कोर्ट करेगा

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि अगर एजेंसी गलत है तो इसका निर्णय अदालत करेगी। विपक्षी दलों को अनर्गल प्रलाप नहीं करना चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने पर विपक्षी दलों के नेता भाजपा व केंद्रीय एजेंसियों पर आरोप लगा रहे हैं। आरोप है कि विपक्ष के नेताओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। इस पर यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एजेंसियां गलत हैं तो इसका निर्णय अदालत करेगी। विपक्ष अनर्गल प्रलाप न करे। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता द्वारा नकारने जाने से बौखलाकर विपक्षी नेताओं को अनर्गल प्रलाप नहीं करना चाहिए। एजेंसियां गलत हैं तो अंतिम निर्णय न्यायालय और जनता की अदालत करेगी,इंडी गठबंधन के नेता नहीं! फिर एकबार मोदी सरकार...। प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर रिमांड पर ले लिया है। हालांकि, केजरीवाल ने स्पष्ट कर दिया गया है कि वह जेल से ही सरकार चलाएंगे।

## केजरीवाल लोहे की तरह मजबूत, जिंदगी का हर पल देश को समर्पित, पत्नी सुनीता ने पढ़ा सीएम का संदेश



सुनीता केजरीवाल ने सीएम का संदेश पढ़ते हुए कहा, भारत के भीतर और बाहर कई ताकतें हैं जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सतर्क रहना होगा, इन ताकतों को पहचानना होगा और उन्हें हराना होगा। अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने अरविंद केजरीवाल का जेल से भेजा संदेश पढ़ा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल लोहे की तरह मजबूत हैं। आपका भाई, आपका बेटा लोहे की तरह मजबूत है। उनकी जिंदगी का हर पल देश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि वह जल्द बाहर आएंगे। समाज सेवा का काम रुकना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि वादे जल्द पूरे करूंगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने एक वीडियो स्टेटमेंट जारी करते हुए कहा, आपके बेटे और आपके भाई अरविंद केजरीवाल ने जेल से आपके लिए एक संदेश भेजा है। उन्होंने कहा है, मेरे प्यारे देशवासियों मुझे (अरविंद केजरीवाल) कल गिरफ़्तार कर लिया गया, मैं अंदर रहूं या बाहर हर पल देश की सेवा करता रहूंगा। मेरी जिंदगी का हर पल देश के लिए समर्पित है। मेरा जीवन संघर्ष का रहा है इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचंभित नहीं करती। हमें भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाना है। भारत के अंदर और बाहर कई शक्तियां हैं जो भारत को कमज़ोर कर रही हैं। हमें इन शक्तियों को हराना है। मैं जल्द बाहर आऊंगा और अपना वादा पूरा करूंगा। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने जेल से भेजा सीएम का संदेश पढ़ते हुए कहा, मैं आम आदमी पार्टी (आप) के सभी कार्यकर्ताओं से भी अपील करता हूं कि मेरे जेल जाने से समाज कल्याण और जन कल्याण का काम नहीं रुकना चाहिए। इससे भाजपा वालों से नफरत मत करो। वे हमारे भाई-बहन हैं. मैं जल्द वापस आऊंगा। सुनीता केजरीवाल ने सीएम का संदेश पढ़ते हुए कहा, भारत के भीतर और बाहर कई ताकतें हैं जो देश को कमजोर कर रही हैं। हमें सतर्क रहना होगा, इन ताकतों को पहचानना होगा और उन्हें हराना होगा। दिल्ली में महिलाएं सोच रही होंगी कि केजरीवाल सलाखों के पीछे हैं। क्या पता अगर उन्हें 1000 रुपये मिलेंगे। मैं उनसे अपील करता हूं कि वे अपने भाई, अपने बेटे पर भरोसा करें। ऐसी कोई जेल नहीं है जो उसे लंबे समय तक सलाखों के पीछे रख सके। मैं जल्द ही बाहर आऊंगा और अपना वादा निभाऊंगा।

## आतिशी ने उठाया सवाल, घोटाले का पैसा कहां गया? शरत ने भाजपा को दिए रुपये




अदालत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल की गिरफ्तार के विरोध में आम आदमी पार्टी के बड़े नेता और कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, आप तब कहां थे जब उन्होंने आपके बच्चों को दूसरी पार्टियों के साथ कभी गठबंधन न करने की कसम खिलाई और उस वादे को तोड़ दिया? आप तब कहां थे जब उन्होंने वादा किया था कि वह बंगला नहीं लेंगे। सरकारी गाड़ियां और अंततः अपने लिए एक महल बनाया? आप उसी घर में घुस गए जहां पैसों के बंडल लाए जा रहे थे। दिल्ली के लोगों को अब आपसे या अरविंद केजरीवाल से कोई सहानुभूति नहीं है। शिवसेना( BT ) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को जेल में डाला गया है उससे यह साफ होता है

कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत किया गया है। कहीं भी अब तक श्वष्ठ की ओर से कोई तथ्य नहीं दिखाए गए जिससे कि साबित हो पाए यह कार्रवाई किस आधार पर हो रही है, कोई सबूत नहीं दिए गए हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल भारी बहुमत से जनता का विश्वास जीतकर आए हैं और वे अपना काम करने के कारण ही जीत कर आए हैं। आप मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, हम कांग्रेस, वाम दलों के सभी नेताओं और उन सभी लोगों को धन्यवाद देते हैं जो INDI गठबंधन और अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं, देश में चुनावों को बचाने के लिए खड़े हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दिल्ली की मंत्री आतिशी समेत आप नेता धरने पर बैठे।पंजाब के मुख्यमंत्री और आप नेता भगवंत मान ने कहा, कल से पूरा देश गुस्से में है, भाजपा भारत में तानाशाही लाना चाहती है। दिल्ली में उनकी सरकार नहीं बनी तो वे सरकार नहीं चलने दे रहे हैं, एलजी को सारी शक्तियां दे दी गई हैं। बीआर अंबेडकर का संविधान खतरे में है। बीआरएस नेता के कविता ने एक्साइज पॉलिसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट में जमानत याचिका दायर की।एक्साइज पॉलिसी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में BRS एमएलसी के. कविता ने कहा, यह एक अवैध गिरफ्तारी है। हम इसे अदालत में लड़ने जा रहे हैं। यह एक राजनीतिक मामला है, एक मनगढ़ंत मामला है, एक झूठा मामला है। हम इससे लड़ रहे हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है, वे बार-बार वही बातें पूछ रहे हैं।

## मैं केजरीवाल को बेनकाब कर दूंगा, सरकारी गवाह बन जाऊंगा, सुकेश चंद्रशेखर ने कही यह बात

कोर्ट में सुकेश ने कहा कि मैं उसे बेनकाब कर दूंगा, मैं केजरीवाल और उनकी टीम के खिलाफ सरकारी गवाह बन जाऊंगा। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि उसे सजा दी जाए। महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने अरविंद केजरीवाल और उनकी टीम को एक्सपोज करने का दावा किया है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में सुकेश ने कहा कि मैं उसे बेनकाब कर दूंगा, मैं केजरीवाल और उनकी टीम के खिलाफ सरकारी गवाह बन जाऊंगा। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि उसे सजा दी जाए। अदालत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 28 मार्च तक प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में भेज दिया।



तिहाड़ जेल में आपका स्वागत है-केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने उन्हें खत लिखा। जिसके जरिए सुकेश ने तंज कसते कहा कि मैं उनका ( केजरीवाल ) तिहाड़ जेल के क्लब में स्वागत करता हूं। सुकेश ने चिट्ठी में लिखा- सच की हमेशा जीत होती है। मेरे प्रिय अरविंद केजरीवाल, सबसे पहले मैं आपका स्वागत करता हूं। आप तिहाड़ क्लब के बॉस हैं। तीन भाई अब तिहाड़ क्लब चलाएंगे। भगवान राम ने दी आपको सजा-सुकेश ने अपने खत में कहा कि यह यह नए भारत की शक्ति का शानदार उदाहरण है, जो कि यह दिखाता है कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। आपने और आपको दे भाइयों ने दिल्ली की जनता को ठगा है। आपको भगवान राम ने आपके भ्रष्टाचार और कर्मों की सजा दी है। ऊपर वाला सब देखता है। बता दें कि दिल्ली शराब नीति घोटाले मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले एजेंसी केजरीवाल को नौ समन भेज चुकी थी, लेकिन वह एक भी बार एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए थे।

## संपादकीय Editorial

# India, the country of pollution

India is the third most polluted country, with its capital Delhi being the most polluted capital in the world. About 96 percent of India's population is forced to live in poisonous air. The smallest particle responsible for pollution should be PM 2.5, but Delhi's PM is 92.7. Bangladesh's capital Dhaka is at second place with PM 80.2. Out of 7800 cities in India, only 9 percent meet the standards. Not only this, out of the 50 most polluted cities, 42 are from India. This level of pollution is becoming not only a challenge for India but also a crisis. The crisis is even deeper because Begusarai in Bihar, Patna in Bihar, Guwahati in Assam, relatively smaller cities like Rohtak (Haryana) and Meerut (Uttar) are also becoming polluted. According to the World Health Organization, the annual average of PM 2.5 should not exceed 5 micrograms per cubic meter, but this level in Begusarai was 118.9 last year. This was 23 times more than the World Health Organization standards. The situation of pollution in India has been revealed in the recent report of Swiss air quality monitoring organization 'IQair'. This data has been given by the Indian governments themselves, the Swiss organization has compiled them in the global context, hence it would be 'suicidal' to blame the organization. The irony is that politics is not done on issues like air, water, soil and forests. They remain secondary in elections. The priority of our governments has been poverty alleviation and industrial progress. During the 200 years of the Industrial Revolution, industrial tools have increased pollution to such an extent that even breathing is becoming difficult. Earlier the crisis was considered limited to some metros including Delhi, but the report of the Swiss organization has exposed the crisis of entire India.

More than 130 crore population of India lives in cities with ‘poisonous air’. If this is the truth of India, then it would not be wrong to call India a 'country of pollution'. In fact, at the speed with which India has been urbanized or the government is working on the project of building smart cities, pollution is not on priority. Data on factors of pollution at that speed is also not available. If dangerous factors of pollution have emerged in relatively small cities like Begusarai, Guwahati, Rohtak, Meerut etc., then in that respect the capital Delhi can be called a 'deadly gas chamber'. The air quality index in Delhi remains 400-500 during October to February. His average also remains between 250-300, which comes in the ‘very poor category’. There is hardly any official information available regarding the sources and factors of pollution in the 83 cities of India that are in the list of 'IQAir'. Take the example of Begusarai. The level of PM 2.5 there in 2022 was 20 micrograms per cubic meter. There is no official statement, accountability or report on how pollution increased 6 times in a single year. It is possible that after the Swiss report, some lice may start crawling on the ears of politicians and bureaucrats. The reality of India's air pollution is that half of the pollution is due to a cocktail of harmful gases. The pollutants in agriculture, industry, power plants, transportation and domestic sectors travel from city to city and state to state. Therefore, under the National Clean Air Programme, a targeted intervention is carried out on different localities, cities, small urban and rural areas. We have an environment ministry, but there is still denial.

# Situation: This death shocks...and the silence of the society is disturbing.

The death of a tribal girl working as a domestic help in Bangladesh after falling from the ninth floor is shocking. What kind of society are we creating, in which a teenage girl from an underprivileged community goes to work in a household instead of going to school, and meets such a tragic end amidst exploitation there! In Bangladesh, which has been rapidly leaning towards fundamentalism, where the space for women's freedom and liberal thinking has gradually shrunk, and where consumerism has increased rapidly due to the better economic situation in recent years, there has been a rise in domestic violence in recent times. The suspicious death of Preeti Oraon, a working tribal girl, has attracted people's attention. There is a large population of Oraon tribals in South Asia. In India, they mainly reside in Jharkhand, Chhattisgarh, Madhya Pradesh and Odisha, while there is a large number of them in Bangladesh also. According to the population census of the year 2020, the population of Oraon tribals in Bangladesh is about 2.45 lakh. I am not going to tell the history of Oraon tribals here. I am telling about a girl from this community, Preeti Oraon, whose painful story has once again shown the helplessness of the poor, while this tragedy also brings to the fore the plight of the tribal community. Fifteen year old Preeti should have been in school. Why did Preeti work in people's homes instead of going to school? Because she was poor. His father worked in a tea garden. But he could not survive on the low income, so he sent Preeti to Dhaka to do household chores for the people. There are countless forced families around the world who send their children to work. But Preeti did not work in any ordinary house in Dhaka city, she worked with an editor of the famous English newspaper The Daily Star, who naturally had an intellectual image. A person who writes in a newspaper against human rights, equal rights of men and women and violence against women, who speaks against all forms of exploitation, is expected to behave sensitively with women in practice too. . But it turns out that child laborers used to work at his house. Why was it so? If even intellectual people make their children work at home, then from whom will the society learn that every child has the right to go to school? The fact is that on August 6 last year, Firdausi, a working girl, was seriously injured by jumping down from the man's flat on the ninth floor. Why did that girl jump from such a height, risking her life? What happened in the flat? Months later, Preeti Oraon also had to jump down, risking her life like Firdausi. But she was not as lucky as Firdausi. She died after falling down. The most shocking thing is that even after a tragic incident happened six months ago, that editor and his family had not learned any lesson. Not only that the process of exploitation of domestic workers continued, but the family also did not feel the need to install a grill or make other security arrangements in the window from which Firdausi had jumped. Didn't that family realize that another working girl, fed up with the exploitation, could also jump to save her life? Or was that family not concerned about it because of its unique identity or special image in the society? Eyewitnesses said that there were injury marks on Preeti's body. Some people say that Preeti may have been badly beaten, even killed, and then her body was thrown down from above. Whereas some people estimate that after the severe beating, Preeti might have jumped from above to save her life. The matter of assurance is that the accused has been arrested. Police have arrested a total of six people from that house in this case. It is worth noting that the accused had been arrested earlier also for torturing the maids. But this matter is very serious. There is a stir in Bangladesh due to the death of Preeti Oraon, so this is the reason. An organization of Pahari students not only took to the streets demanding justice in Preeti's case, but also said that the accused wanted to hush up the matter by giving Rs 2 lakh to Preeti's father. This is another example of rich people not realizing their injustice. Instead, they rely more on silencing the poor by giving them some money. It is true that the entire truth related to Preeti Oraon's death has not been revealed yet. Either he might have been killed and thrown away, or he might have taken the risk himself to free himself from exploitation. But it is clear that he was facing exploitation while working. Like other countries, in Bangladesh too, domestic maids were once exploited. But that is not the situation today, because due to thousands of open garment factories, finding domestic maids is not as easy as before. They also get more salary than before. But the relationship between owners and domestic workers remains the same as before. A large population of poor women move to Gulf countries in the lure of higher salaries. It is a different matter that there also they have to face exploitation. But it is unfortunate to see that even in our own country many poor girls and women are constant victims of exploitation. Preeti Oraon's death has, unfortunately, highlighted the sad reality of an increasingly prosperous society. We are faced with a situation in which not only the gap between rich and poor is increasing, but inhuman treatment towards the poor is considered a normal phenomenon in the society. Unless an equitable society is created and the gap between the rich and the poor is not bridged, the exploitation of the poor will not be curbed. But this does not mean that the society should remain silent on such incidents, rather the society itself will have to be active in such matters.

# Water crisis: Cities started thirsting even before summer, outcry in India's Silicon Valley

India, a country with about 17 percent of the world's population, has only four percent of the world's fresh water resources. Poet Rahim has said, Rahiman keep water, without water everything is deserted. But summer has not even arrived properly and this year water crisis is looming in many cities. Without being bathed in the colors of Holi, without being drenched in the splashes of colors in Phagun, we faced the situation of drought. The situation of water crisis which used to be there in the months of May-June, has started appearing in March itself and people have many cities. These IT hub of India, is water every day. Apart country like Delhi, Jaipur, Indore are crisis. The Telangana Hyderabad does not conservation soon, its Bangalore in terms of time in Chennai, when closed due to lack of protect water sources. Aayog, it has also been deepening in many worse in the future. will not be available for



already started facing water shortage in days, Bangalore city, which is called the facing shortage of twenty crore liters of from Bangalore, many cities in the Mumbai, Hyderabad, Bhopal, Kolkata, facing the serious problem of water High Court has warned that if take appropriate steps for water situation will be like 'Silicon Valley' water. Everyone will still remember that the taps ran dry, and schools had to be water. Police had to be deployed to Recently, in the report released by NITI accepted that the water crisis is cities of India, and it is likely to become According to the report, while water about 40 percent of the country's population by the year 2030, by 2020 more than 10 crore people in the country were forced to face severe water crisis. According to the Composite Water Management Index report of NITI Aayog, about 10 crore people in 21 major cities of the country are facing the dire problem of water crisis. The reality is also that India, a country with about 17 percent of the world's population, has only four percent of the world's fresh water resources. About 70 percent of surface and fresh water resources in India are polluted by sewage waste and factory effluents. India ranks 120th out of 122 countries in the Global Water Quality Index. Out of the total geographical area (328 million hectares) of India, 69 percent (228 million hectares) is drought affected. These figures clearly state the seriousness of the water crisis in our country. According to the latest report released by the World Resources Institute (WRI), if the balance of demand and supply of water gets disturbed due to the changes taking place in the country due to climate change and global warming, it can have serious consequences. In fact, as the impact of climate change is deepening, the global temperature (global warming) is increasing. Its effect is visible in the form of changing weather patterns. Due to this, in some places the rainfall is decreasing, while in some places the winter season is becoming relatively warmer. The amount and speed at which Himalayan glacier ice is melting between 1975 and 2000 has doubled since 2000. On the other hand, due to this change in weather, the mountains are being deprived of being covered in snow in winter. Scientists have feared that by the year 2100, 75 percent of the Himalayan glaciers will melt and disappear. Due to this, about 200 crore people of eight countries living in the area below the Himalayas may have to face the threat of water shortage and floods. These countries include India, Pakistan, Bhutan, Afghanistan, China, Myanmar, Nepal and Bangladesh. Due to the melting of glaciers in these mountain ranges, five metropolitan cities like Delhi, Dhaka, Karachi, Kolkata and Lahore will have to face severe water shortage. The population of these cities is more than 9 crore 40 lakhs and in this area there is the world's largest hydroelectric project with a capacity of 26,432 MW. Obviously, to deal with the water problem due to climate change, we will have to seriously consider water conservation measures and take environmental protection measures.

# भाजपा कर रही लोकतंत्र का हनन, केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बरसे कांग्रेस के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद

मुरादाबाद- भाजपा सरकार लोकतंत्र का हनन कर रही है। कांग्रेस पार्टी के खाते सीज करना व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हिटलरशाही का प्रमाण है। यह बातें कांग्रेस



के जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने पत्रकार वार्ता में कहीं।शुक्रवार को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिला कांग्रेस के कार्यालय गुरहट्टी पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें एसबीआई के इलेक्ट्रोराल बांड की खरीद की आड़ में हुई खरबों रुपयों की गड़बड़ी को लेकर प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी मिथुन त्यागी को कई खुलासे करने थे। परंतु ऐन वक्त पर उन्हें लखनऊ तलब कर लिया गया। उनकी अनुपस्थिति में जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद व महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा ने कमान संभाली। आरोप लगाया कि इस बांड घोटाले में कई कंपनियों ने भाजपा को अपनी कुल संपत्तियों के मूल्य से भी अधिक का चंदा दे दिया। इनमें कई कंपनियां तो ऐसी हैं जिनका धरातल पर कोई अस्तित्व नहीं है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि इसी वजह से एसबीआई पर भाजपा ने खुलासा न करने का दबाव बनाया था। उन्होंने कहा कि यदि सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप न करता तो भाजपा लोकतंत्र को ही समाप्त कर देती। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ने ईडी व सीबीआई की आड़ में कंपनियों से वसूली की है। अब घोटाले के उजागर हो जाने के बाद दोषी नेताओं को जेल जाने का भय सता रहा है। पत्रकारों के सवालों के जवाब में कांग्रेस नेताओं ने मुरादाबाद समेत इंडिया गठबंधन के सभी प्रत्याशियों को पूरे मनोयोग से चुनाव लड़ाए जाने की घोषणा की। इस दौरान अनूप दुबे, सुधीर पाठक, अफजल साबरी, अमीरुल हसन जाफरी, अनुराग शर्मा, गंगाराम शर्मा, आलोक सिंह, श्यामसरण, भयंकर सिंह बौद्ध, राजेन्द्र वाल्मीकि, मोहतशीम मुख्तार आदि मौजूद रहे।

# बिजली विभाग की लापरवाही ने ली संविदाकर्मी की जान, बिजलीघर पर डेडबॉडी रखकर किया हंगामा

मुरादाबाद- फिर एक बार बिजली विभाग की लापरवाही ने एक संविदाकर्मी की जान ले ली। ये हादसा तब हुआ जब लाइन मैन 33 चक्क लाइन का जफर जोड़कर नीचे उतर रहा था। तभी बराबर



से जा रही लो टेंशन लाइन की चपेट में आने से करंट की चपेट में आ गया जिससे वो बुरी तरह झुलस गया और उसकी मौत हो गई। परिजनों को जैसे ही घटना की सूचना मिली तुरंत परिजन घटनास्थल पहुंचे। जहां मालूम हुआ की जिस 33 चक्क पर संविदाकर्मी काम कर रहा था। उसकी बराबर से गुजर रही लो टेशन लाइन का शट डाउन नही लिया गया था। जिसकी वजह से ये हादसा हुआ। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने मृतक संविदाकर्मी का शव विवेकानंद बिजली घर पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया। गुस्साए परिजनों ने मृतक संजीव कुमार मौर्या के शव को बिजली घर पर रखने के बाद लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही और मृतक को दस लाख का मुआवजा देने और परिवार के सदस्य को नौकरी की मांग की। हालांकि बाद में गुस्साए परिजनों को समझने के लिए पुलिस के आला अधिकारी और विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। और मृतक के परिजनों को समझने की कोशिश की और हर मुमकिन मदद का आश्वासन दिया। मृतक संजीव कुमार मौर्या पुत्र फूल सिंह विवेकानंद स्थित सेरवा चौराहा के गांव के रहने वाले हैं। जो कि लगभग पिछले 15 सालों से बिजली विभाग में काम कर रहे थे। आपको बता दें, विभाग की लापरवाही से दो माह पहले भी चार संविदा कर्मी हाइटेशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए थे। जिन्हे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जबकि एक कर्मी की हालत गंभीर होने की वजह से उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया था।

# जिलाधिकारी ने स्ट्रांग रुम एवं पोलिंग पार्टी रवाना स्थलों का किया निरीक्षण

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह ने स्ट्रांग रुम मण्डी समिति एवं पोलिंग पार्टी रवाना स्थल बुद्धिविहार थाना मझोला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। जिलाधिकारी ने गोदाम प्रभारी को स्ट्रांग रुम के लिए तत्काल सभी हाल खाली कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही जहां-जहां टूट-फूट है वहां जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता प्रांतीय खण्ड को स्ट्रांग रुमों में मरम्मत का कार्य प्रारम्भ कराने के लिए भी निर्देश दिये। इस मौके पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुलाब चन्द, मण्डी सचिव, अधिशासी अभियन्ता प्रांतीय खण्ड सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## लोक सभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मास्टर टेऊनरों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में लोक सभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मास्टर टेऊनरों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को मतदान वाले दिन समय से उपस्थित रहने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने मतदान संबंधी समस्त व्यवस्थाओं को अच्छे से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की जल्दबाजी करने से बचें, ध्यानपूर्वक कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित समस्त मास्टर्स टेऊनरों को निर्देशित किया गया कि चुनाव संबंधी जानकारी मतदान कर्मियों को ठीक प्रकार से दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्यम मिश्र, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक श्री शशि भूषण, पी0डी0 श्री सतीश प्रसाद मिश्र, उपजिलाधिकारी कांठ, ए0सी0एम0 प्रथम श्रीमती प्रीति सिंह, सहित समस्त मास्टर टेऊनर आदि विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## चायत भवन सभागार में नामित अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया

मुरादाबाद -लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अर्न्तगत 50-55 प्रतिशत के मध्य कम मतदान वाले 190 बूथों पर ई0एल0सी0 को क्रियाशील करते हुए निर्धारित कार्य योजना के अर्न्तगत वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने हेतु जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में पंचायत भवन सभागार में नामित अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव में लगे नामित अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों का मतदान से पूर्व दो -तीन बार भ्रमण अवश्य कर लें, कम मतदान वाले बूथों पर विशेष ध्यान दिया जाये। लोगों में इस तरह की जागरुकता लाई जाये कि शत प्रतिशत मतदान हों, जो वोट डालने नहीं जाते ऐसे लोगों एवं परिवार को चिन्हित किया जाये और वोट डालने के लिए प्रेरित किया जाये। इन क्षेत्रों के लोगों के संपर्क में रहकर अधिक से अधिक वोटिंग के लिए लोगों को जागरुक करें, जो लोग वोट डालने नहीं जाते उनके वोट अवश्य डलवायें, इससे निश्चित रुप से वोटिंग बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 50-55 प्रतिशत मतदान वाले बूथों को को क्रियाशील कर मतदान प्रतिशत बढ़ाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, ज्वाइंट मजिस्टेऊट सुनील धनवंता, ए0सी0एम0 द्वितीय संतदास पंवार, उपजिलाधिकारी ठाकुरद्वारा अजय मिश्रा, उपजिलाधिकारी बिलारी मणि अरोडा, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## 26 मार्च का ( होली ) का स्थानीय अवकाश निरस्त किया गया

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मैनुअल आफ गर्वमेन्ट आड्र्स ( संशोधित ), 1981 संस्करण पैरा-247( सी ) की व्यवस्थानुसार दिनांक 26 मार्च 2024 ( होली ) का स्थानीय अवकाश निरस्त किया जाता है, तथा दिनांक 30 अक्टूबर, 2024 ( नरक चतुर्दशी ) को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू रहेगा।

# मुरादाबाद में उड़ा अबीर-गुलाल, बाजार में उमड़ी खरीदारों की भीड़





मुरादाबाद-होली की खरीदारी को बाजार में भीड़, मिसाइल-बैलून पिचकारी, ड्रैगन, छोटा भीम व डोरेमोन छोटे बच्चों को भा रहे रंगों के त्योहार होली का जश्न मनाने के लिए अबीर-गुलाल और हर्बल रंगों से बाजार सज गए हैं। रेडीमेड कपड़ों से लेकर पिचकारी की दुकानों पर भीड़ उमड़ रही है। बाजार में मिसाइल पिचकारी, ड्रैगन, छोटा भीम, डोरेमोन और टैंक, गन, बैग, बैलून पिचकारी छोटे बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं।

इसके अलावा गुलाल वाला सिलेंडर की खूब पसंद किया जा रहा है। रंगों के पर्व होली पर बाजार सज गए हैं। टाउनहॉल, बुधबाजार, बर्तन बाजार, हरथला समेत अन्य प्रमुख क्षेत्रों में गारमेंट-रेडीमेड और ब्रांडेड कपड़ों के बाजार पर रौनक है। युवक-युवतियों, महिलाओं और पुरुषों को आकर्षित करने के लिए नई वैराइटी के साथ ऑफर की भरमार है। शो-रूमों से लेकर फुटपाथों तक पर जूतों-सैंडिलों की दुकानें लगी हैं। इनके खरीदार आने शुरू हो गए हैं। होली को लेकर पिचकारी की दुकानें भी सज गई हैं। रंग-बिरंगी व आकर्षक पिचकारियां बच्चों का मन मोह रही हैं। हालांकि कुछ दुकानदारों के पास पिछले वर्ष का स्टॉक बचा हुआ है। बाजार में मिसाइल पिचकारी, ड्रैगन, छोटा भीम, डोरेमोन और टैंक, गन, बैग, बैलून पिचकारी छोटे बच्चे खूब पसंद कर रहे हैं। इसके अलावा गुलाल वाला सिलेंडर की खूब पसंद किया जा रहा है। इस बार बाजार में कलर बम भी आया है।

जिससे अलग-अलग रंग का गुलाल उड़ता है। साथ ही कई अलग-अलग पाइप में लगे रंगीन गुब्बारे बाजार में आए हैं, जिनसे एक साथ बहुत सारे गुब्बारे तैयार हो जाएंगे। बाजार में यह मैजिक बैलून के नाम से मिल रहे हैं। टाउनहॉल के दुकानदार गोपाल जायसवाल ने बताया कि इस बार 100 से 2000 रुपये तक की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। बच्चों में नए-नए कार्टून पर आ रही पिचकारियों की काफी मांग है। होली के दिन चांदी का सिक्का खरीदना होगा शुभ- महानगर में होली के त्योहार को यादगार बनाने के लिए लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों पर पूरी तरह होली का रंग चढ़ा हुआ है। होली पर रंग के अलावा चांदी का सिक्का खरीदना भी शुभ होता है। होली के मौके पर आप चांदी का सिक्का खरीद सकते हैं। होली के दिन सिक्के की पूजा करने के बाद तिजोरी में रख दें। ऐसा करने से आपकी आर्थिक परेशानियां दूर हो जाएंगी। हरथला शिवमंदिर के पुजारी पं. मनोज पाठक ने बताया कि होली के दिन चांदी का सिक्का खरीदना बेहद शुभ माना जाता है। साथ ही एक छोटा सा सिक्का खरीद लें। इसके बाद इसे पीले रंग के कपड़े में हल्दी के साथ बांध दें। इसे मां लक्ष्मी की मूर्ति के पास स्थापित कर दें। साथ ही होलिका दहन की राख को डिब्बी में रख कर इसे तिजोरी या अलमारी में रखें। इससे धन की कमी नहीं होगी। साथ ही चांदी का छल्ला खरीदने और होली के दिन इसकी विधिवत पूजा करने से विशेष फलों की प्राप्ति होती है। पूजा करने के बाद इसे धारण कर ले। ऐसा करने से आपके भाग्य में सुधार होगा।

# मकान कब्जाने, धोखाधड़ी के आरोप में सपा सांसद कोर्ट में तलब

मुरादाबाद-अभद्र टिप्पणी मामले में पहले से विवादित चल रहे सपा सांसद डॉ. एसटी हसन के सामने एक नई मुश्किल खड़ी हो गई है। न्यायालय ने मकान कब्जाने व अन्य गंभीर आरोपों में सांसद व रिश्तेदारों समेत सात लोगों को तलब कर लिया है। अधिवक्ता ने चार साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए की कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई थी। इस प्रकरण में एमपी-एमएलए कोर्ट 15 अप्रैल को सुनवाई करेगी। बताया जा रहा है कि अधिवक्ता फसीउल्लाह की ओर से अदालत में सांसद डॉ. एसटी हसन के खिलाफ परिवाद दर्ज कराया गया था। आरोप है कि सांसद ने अपने रिश्तेदारों संग उनके मकान पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। शिकायत में अधिवक्ता की तरफ से कहा गया है कि वर्ष 1963 में उनके पिता जकाउल्ला खां ने रामपुर नवाब से गलशहीद पर पुराने बर्फखाने के पास जमीन खरीदी थी। इस पर



मकान बनाने के बाद लाजपत नगर के वसीम अहमद को किराए पर दिया था। किराएदार को सभी टैक्स देने और नियमानुसार किराया बढ़ाने की बात भी तय हुई थी। लेकिन, वसीम अहमद ने मकान के टैक्स अपने नाम से जमा कर दिए थे। इस बीच पुलिस द्वारा घोषित भू माफिया मिर्जा किश्वर बेग से एक दीवानी का मुकदमा उन पर कायम करा दिया था। संपत्ति का कुछ हिस्सा अली जान के नाम पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिखा दिया था। अधिवक्ता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो सांसद ने दबाव बनाने को उनके बेटे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी थी। आरोप है कि 14 दिसंबर 2020 को सांसद ने अपने सहयोगी वसीम अहमद, मो. आसिम, आफताब हुसैन, बदूद व लाल परवेज के साथ मिलकर मकान पर लगे लोहे के गेट को काटकर कब्जा कर लिया था। अधिवक्ता ने बताया कि इस कबजेदारी के विरोध में उन्होंने कटघर थाने में पुलिस से कई बार गुहार लगाई, लेकिन सुनवाई ही नहीं हुई। इसी कारण उन्हें न्यायालय की शरण में जाना पड़ा। अब एमपी-एमएलए की मजिस्ट्रेट कोर्ट एमपी सिंह ने मामले में सांसद समेत सात लोगों को तलब किया है। 15 अप्रैल को एमपी एमएलए कोर्ट में हाजिर होंगे आरोपी- अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मुनीश भटनागर ने बताया कि मुरादाबाद की एमपी एमएलए कोर्ट ने अभियुक्त मानते हुए सांसद व छह अन्य को हाजिर होने का आदेश दिया है। इन सभी आरोपियों को 15 अप्रैल को न्यायालय में हाजिर होना है।




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर संजय राउत ने भाजपा को घेरा, कहा- इस देश में कोई सुरक्षित नहीं



मीडिया से बात करते हुए शिवसेना ( यूबीटी ) नेता संजय राउत ने कहा कि भाजपा के लिए यह चुनाव कठिन होने वाला है। इसलिए उन्होंने लोगों को चोट पहुंचाना जारी रखा है।दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर शिवसेना ( यूबीटी ) नेता संजय राउत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दिल्ली सीएम की गिरफ्तारी पर केंद्र सरकार को घेरा है। संजय राउत ने सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में कोई भी सुरक्षित नहीं है, यहां कभी भी किसी की भी गिरफ्तारी हो सकती है। मीडिया से बात करते हुए शिवसेना ( यूबीटी ) नेता संजय राउत ने कहा, भाजपा के लिए यह चुनाव कठिन होने वाला है। इसलिए उन्होंने लोगों को चोट पहुंचाना जारी रखा है। आज इस देश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। यहां किसी की भी गिरफ्तारी हो सकती है। भारत में जो पैटर्न चल रहा है, वही रूस और चीन में भी है। लोगों ने अरविंद केजरीवाल को अपना मुख्यमंत्री चुना है, इसलिए उनकी किस्मत का फैसला भी जनता ही करेगी।प्रियंका चतुर्वेदी ने गिरफ्तारी को बताया राजनीतिक प्रतिशोध- लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर शिवसेना ( यूबीटी ) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने इस गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध बताया है। मीडिया से बात करते हुए प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं को जेल में डाला गया है उससे यह साफ होता है कि राजनीतिक प्रतिशोध के तहत किया गया है। कहीं भी अब तक ईडी की ओर से कोई तथ्य नहीं दिखाए गए जिससे कि साबित हो पाए यह कार्रवाई किस आधार पर हो रही है, कोई सबूत नहीं दिए गए हैं। यह नहीं भूलना चाहिए कि अरविंद केजरीवाल भारी बहुमत से जनता का विश्वास जीतकर आए हैं और वे अपना काम करने के कारण ही जीत कर आए हैं।क्यों हुई अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी-प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) दिल्ली शराब नीति घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है। इसी कड़ी में ईडी की टीम गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निवास पर पहुंची और उनसे इस मामले में पूछताछ की। इस पूछताछ के बाद रात में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि कोरोना काल के बीच दिल्ली सरकार ने दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 लागू की थी। इस शराब नीति के कार्यान्वयन में कथित अनियमितता की शिकायतें आईं, जिसके बाद उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की। इसके साथ ही दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 सवालों के घेरे में आ गई। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कई बार अरविंद केजरीवाल के नाम का जिक्र किया है। अदालत में दायर आरोप पत्र में ईडी ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी, ताकि लगातार अवैध धन कमा कर और उसे अपने पास लाया जा सके। ईडी ने दावा किया कि यह नीति अवैध और आपराधिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए जानबूझकर कमियों के साथ बनाई गई थी। एजेंसी ने आरोप पत्र में आरोपियों के साथ सीएम के घर पर बैठक से लेकर वीडियो कॉल तक की घटनाओं का उल्लेख किया है।

# गुजरात में भाजपा को झटका, वडोदरा और साबरकांठा सीट से उम्मीदवारों ने जताई चुनाव न लड़ने की इच्छा





दो बार सांसद रहीं भट्ट का यह फैसला वडोदरा में उनके नामांकन को लेकर एक पोस्टर प्रचार शुरू होने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल पोस्टर में लिखा था कि क्या सत्ता के नशे में चूर भाजपा किसी को भी उम्मीदवार बनाएगी। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) को गुजरात में एक के बाद एक बड़ा झटका लगा है। साबरकांठा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। वहीं, वडोदरा से भाजपा सांसद रंजनबेन धनंजय भट्ट ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई है।गुजरात में वडोदरा लोकसभा सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहीं भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एलान किया कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों की वजह से आगामी चुनावों के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया है। रंजनबेन धनंजय भट्ट ने एक्स पर कहा, मैं अपने व्यक्तिगत कारणों की वजह से लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ना चाहती हूं।% भाजपा के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर भट्ट की अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के फैसले की पुष्टि की है। वहीं, ठाकोर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर एलान किया कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। उन्होंने लिखा, मैं भीकाजी ठाकोर अपने व्यक्तिगत कारणों की वजह से लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ना चाहता हूं।% भट्ट के खिलाफ लगाए गए पोस्टर- गौरतलब है, दो बार सांसद रहीं भट्ट का यह फैसला वडोदरा में उनके नामांकन को लेकर एक पोस्टर प्रचार शुरू होने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल पोस्टर में लिखा था, क्या सत्ता के नशे में चूर भाजपा किसी को भी उम्मीदवार बनाएगी। वडोदरा के लोग असहाय हैं, क्योंकि लोग मोदी से प्यार करते हैं। वहीं, एक पोस्टर में लिखा था, वडोदरा का विकास कहां चला गया? किस के घर या आंगन में? जनता जांच चाहती है।% इसके अलावा एक बैनर में लिखा था, मोदी तेरे से बैर नहीं, रंजन तेरी खैर नहीं। भाजपा क्या किसी को भी उम्मीदवार बनाएगी? भाजपा के कुछ स्थानीय नेताओं ने भी भट्ट के नामांकन को लेकर अपनी नाखुशी जाहिर की थी। बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस सीट से इस्तीफा देने के बाद साल 2014 में हुए उपचुनाव में भट्ट ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2019 का चुनाव भी उन्होंने जीता। हालांकि, आगामी चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। गुजरात में 26 लोकसभा सीटों के लिए एक ही चरण में सात मई को चुनाव होंगे। भाजपा ने 2014 और 2019 के आम चुनावों में इन सभी सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# 18 हजार रूपये के अंग्रेजी शराब सहित 1 गिरफ्तार, चौकी खड़गवां पुलिस की कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ( भा.पु.से. ) निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले की पुलिस के द्वारा अंतरराज्जीय सीमा सहित जिले के सभी बार्डर चेकिंग की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खड़गवा के चेकपोस्ट में स्कॉपियों वाहन की डॉग अंग्रेजी शराब 7 हजार रूपये का पाया आरोपी आईएपम पिता पेटई तमिलनाडु, हाल जगरनाथपुर महान-2 आबकारी एक्ट के तहत परिवहन में प्रयुक्त 15 ईए 3128 को जप्त कर गया। कार्यवाही में शामील :- कार्यवाही अतिरिक्त व एसडीओपी प्रतापपुर में 24 घंटे लगातार कड़ी जा रही है तथा सजगता बरती दिनांक 23.03.24 को चौकी वाहन चेकिंग के दौरान एक चेकिंग के दौरान अवैध ब्लैक लीटर 500 ग्राम कीमत 18 गया। मामले में वाहन चालक सेतु उम्र 27 वर्ष निवासी परजी मुकाम चेन्नई राधा कंपनी खदान के विरूद्ध धारा 34( 2 ) कार्यवाही कर अंग्रेजी शराब व स्कॉपियों वाहन क्रमांक सीजी आरोपी को गिरफ्तार किया पुलिस अधिकारी-कर्मचारी पुलिस अधीक्षक संतोष महतो अरूण नेताम के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी खड़गवां योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव आरक्षक मनोज राय, राकेश सिदार, भगत सिंह व सैनिक विकास गुप्ता सक्रिय रहे।

# बकरा चोरी करने वाले एक विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक सहित 4 पकड़ाए, परिवहन में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन हुई जप्त

क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर-ग्राम श्यामनगर भटगांव निवासी सपुरन राजवाड़े ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बकरा-बकरी को घास चराने के बाद घर के बाहर बांधकर रखा था, सुबह 10 बजे लोग हल्ला करने लगे कि बकरा को चोरी कर सफेद रंग के स्कार्पियों गाड़ी में लेकर भाग रहे है तब यह और इसकी पत्नी देखे कि स्कार्पियों वाहन क्रमांक सीजी 15 बी 4101 में चार व्यक्ति बकरा चोरी कर भाग रहे थे जिसे हल्ला करते हुए पीछा कर पकड़ा गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 379, 34 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। भटगांव पुलिस ने बकरा चोरी करने वाले आरोपी रहिम अंसारी पिता रहमदिल उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम करवां थाना जयनगर, तुलेश्वर यादव पिता आलम साय उम्र 19 वर्ष व प्यारसाय यादव पिता सीताराम उम्र 19 वर्ष ग्राम महेशपुर, थाना जयनगर तथा 1 विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक को पकड़ा गया। जिनके निशानदेही पर चोरी का बकरा कीमत 6 हजार रूपये व परिवहन में प्रयुक्त स्कॉपियों वाहन जप्त कर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और विधि विरूद्ध संघर्षरत् बालक के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही की गई। कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव राजेन्द्र साहू, एएसआई लालचंद कुजूर, प्रधान आरक्षक पूरनचंद राजवाड़े, हीरालाल बखला, रविनंद सिंह, आरक्षक संतोष जायसवाल, राधेश्याम साहू, विष्णुदत्त यादव सक्रिय रहे।

# 108 एम्बुलेंस को आग लगाकर जला देने वाले व्यक्ति को थाना सूरजपुर पुलिस ने पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- दिनांक 18.02.24 को शाहनवाज आलम ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके बाबू गैरेज चंदरपुर ढुंढरा के सामने बनने के लिए खड़ी 108 एम्बुलेंस में कोई अज्ञात व्यक्ति 17.02.24 के रात करीब 11 बजे आग लगा दिया है जिससे एम्बुलेंस जल गई है और नुकसान हुआ है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आगजनी का मामला कायम कर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 435 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना पर उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ( भा.पु.से. ) ने आरोपी की पतासाजी कर पकड़ने के निर्देश दिए। थाना सूरजपुर पुलिस ने विवेचना के दौरान सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर पल्लेदार तिलधारी उर्फ सोरी पिता मनबोध उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम देवनगर हाल निवासी पुराना बस स्टैण्ड सूरजपुर को पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने 108 एम्बुलेंस को आग लगाना स्वीकार किया। आरोपी द्वारा लोक सम्पत्ति को नुकसान करने पर लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की धारा 3( 2 ) जोड़ी जाकर उसके विरूद्ध कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह व अन्य सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# 31 दवाओं की बिक्री पर लगा प्रतिबंध

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती - श्रावस्ती क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच श्रावस्ती डा0 रंजन वर्मा ने बताया है कि शासन द्वारा हुई जांच में आयुर्वेदिक की 10 दवायें नकली पायी गयी है तथा 21 दवाओं में ऐलोपैथिक की मिलावट पायी गयी है, इन सभी 31 दवाओं की बिक्री पर पूरे प्रदेश में प्रतिबंध 1 लगा दिया गया है, जिसमें लिवर की प्रचालित दवा लिव-52 भी सम्मिलित है। इसमें मंजूर भारम व दारुहरिद्रा का मिश्रण मानक के अनुरुप नहीं पाया गया। प्रदेश के समस्त क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारियों को इन दवाओं की बिक्री को रोकने के निर्देश दिये गये है तथा विभाग द्वारा छापेमारी जारी है। मानक विरुद्ध पायी गयी दवाओं में प्रेडनिसोलोन व बीटामेथासोन नामक स्टेराइड, आइबाप्रोफेन व डाइक्लोफिनेक नामक दर्द निवारक, ग्लीमपैराइड नामक मधुमेह की दवा व सिलिडिनाफिल नामक यौन उत्तेजना की दवा का अपमिश्रण पाया गया है तथा सीतापुर, गाजियाबाद, सहारनपुर, मुजफ्नगर, मेरठ, लखनऊ, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्ध नगर व कानपुर से इन दवाओं के नमूने लिये गये थे। जनपद आवस्ती में इन दवाओं की बिक्री पाये जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासानिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होने बताया कि अपमिश्रित दवाओं में क्रमशः विश्वास गुड हेल्थ कैप्सूल आयुर्वेदा, पे ननिलचूर्ण, एज-फिटचूर्ण, अमृत आयुर्वेदिक चूर्ण, स्लीमेक्स चूर्ण, दर्दमुक्ति चूर्ण, आर्थोनिल चूर्ण, योगीकेयर, माइकान गोल्ड कैप्सूल, डाइबियंट शुगर केयर टेबलेट, हाईपावर मूसली कैप्सूल, डाइवियोग केयर, झंडूलालिमा, हेल्थ गुड सिरप, हेपलिव डी0एस0 सीरप, सिस्टोन सीरप, बायनाप्लस ऑयल, वातारिनऑयल, न्यूरिविल, बोस्टा एम.आर. टैबलेट, लिव-52 शामिल है, वहीं नकली दवाओं में क्रमशः ज्वाला दाद, रूमो प्रवाही. सुंदरीकल्प सिरप, त्रयोदशांग गुग्गुल, वेदांतक वटी, एसीन्यूद्रा लिक्विड, आवंला चूर्ण, सुपरसोनिक कैप्सूल, बोस्टा 400 टेबलेट, बायनाप्लस कैप्सूल शामिल है, जिनकी बिक्री पर पूर्णतयः प्रतिबन्ध लगा दिया गया है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इंडो-नेपाल काउंटर पार्ट समन्वय बैठक संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल



श्रावस्ती - रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, कमांडेंट 62 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल भिनगा के दिशा निर्देशन में उप निरीक्षक ठाकरा राम के नेतृत्व में डी समवाय गुज्जरगोरी में नेपाल APF के साथ समन्वय बैठक की गई। इस समन्वय बैठक के दौरान सशस्त्र सीमा बल एवं नेपाल APF दोनों पक्षों के बीच निम्न लिखित बिन्दुओं पर चर्चा किया गया। जो इस इस प्रकार है:- 1. सीमा स्तंभ की सुरक्षा एवं उनका रख रखाव । 2. सीमा पर होने वाले अवैध गतिविधयों पर नियंत्रण, नेपाली नागरिको का सरल एवं सुरक्षित प्रचालन ।3. भारत मे आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए सीमा पर कड़ी चौकसी बरतने हेतु और किसी अप्रिय घटना को घटित न होने देने एवं अन्य सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान उप निरीक्षक / सामान्य ठाकरा राम चौधरी समवाय प्रभारी गुज्जरगोरी, सहायक उप निरीक्षक / सामान्य दयान सिंह और APF की तरफ से ASI अबरार खान, SHC राणा रावत, कांस्टेबल इंद्र मणि उपस्थित रहे।

# सी -विजिल में दर्ज हुई 02 शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- लोकसभा चुनाव 2024 में निर्वाचन संबंधी शिकायतों की त्वरित सूचना व समाधान के लिए सी-विजिल शुरू किया गया है। सी विजिल एप के इस्तेमाल को अब मतदाताओं को भी जागरूक किया जाएगा। इस एप के माध्यम से आम नागरिक निर्वाचन आयोग से किसी भी दल अथवा प्रत्याशी की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का फोटोग्राफ, वीडियो या ऑडियो के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। शिकायत करने के बाद त्वरित कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही इस मोबाइल एप में शिकायतकर्ता की पहचान बताए बिना भी शिकायत दर्ज कराने का विकल्प है इसी प्रकार से एप के माध्यम से जिले में प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार 02 शिकायत दर्ज कराई गई है । जिसका त्वरित निराकरण किया जा चुका है ।

# जेल में करवटें बदलते बीती जावेद की पहली रात, अस्पताल सेल में रखा गया है आरोपी

बदायूं कांड का मुख्य आरोपी साजिद पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसके भाई जावेद को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। जेल में जावेद की पहली रात करवटें बदलते बीती।बदायूं में दो मासूम बच्चों की हत्या के मामले में सह आरोपी जावेद की पहली रात जेल में करवटें बदलते बीती। उसे जेल के अस्पताल सेल में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। उसकी सुरक्षा में दो बंदी रक्षकों को भी लगाया है। सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है।शहर की बाबा कॉलोनी में 19 मार्च की शाम विनोद ठाकुर के पुत्र आयुष ( 13 ) और अहान उर्फ हनी ( 6 ) की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। विनोद के घर के सामने सैलून चलाने वाले साजिद ने इस वारदात को अंजाम दिया था। घटना के वक्त उसका भाई जावेद भी उसके साथ था जावेद ने बताया कि घटना के दिन वह विनोद कुमार के घर के दरवाजे पर खड़ा रहा था। इसी दौरान साजिद ने दोनों बच्चों का गला रेत दिया था। घटना के बाद वह दिल्ली भाग गया था। वहां से वह बृहस्पतिवार को बरेली पहुंचा, जहां नाटकीय ढंग से आत्मसमर्पण कर दिया। जावेद ने खुद को बताया निर्दोष -बदायूं पुलिस उसे लेकर आई। उससे गहन पूछताछ की गई। उसने खुद को निर्दोष और अपने भाई साजिद को हत्यारा बताया। शुक्रवार को जावेद को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया गया। शाम के समय जेल में उसकी रजिस्टर पर एंट्री हुई। इस दौरान जावेद का अंडर ट्रॉयल नंबर 751 मिला। जावेद की पहली रात डर के साये में बीती। जानकारी के मुताबिक वह डर की वजह से रात भी करवटें बदलता रहा। उसे अस्पताल सेल में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है।

# सीएम योगी बोले: संविधान से ऊपर नहीं हो सकती शरियत, भारत के मुसलमान मानें इस देश के कानून



सीएम योगी ने कहा कि यूपी में शिक्षा व्यवस्था में एकरूपता लायी जा रही है। इसके लिए मदरसों का आधुनिकीकरण भी किया जाना है। शरियत संविधान से बड़ी नहीं हो सकती। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शरियत संविधान से बड़ी नहीं है। ये देश संविधान से चलेगा। शरियत भारत से बड़ी नहीं हो सकती है। मुस्लिमों को घर-मकान सब मिल रहा है, लेकिन उन्हें भारत का कानून भी मानना चाहिए। उन्होंने मदरसों के आधुनिकीकरण पर भी जोर दिया। एक निजी टीवी चैनल के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने मदरसों के आधुनिकीकरण के सवाल पर कहा कि शरियत हमारा व्यक्तिगत विषय हो सकता है, मगर वो संविधान से ऊपर नहीं हो सकता। हम मदरसों का आधुनिकीकरण कर रहे हैं। हमे वैज्ञानिक, इंजीनियर और कुशल मानव संसाधनचाहिए। हमें अपने शिक्षण संस्थानों को उसी अनुरूप बनाना होगा। प्रदेश की शिक्षण व्यवस्था में एकरूपता लाना हमारी प्राथमिकता है। मुसलमानों की चिंता की सवाल पर सीएम योगी ने कहा, मुस्लिमों की कौन चिंता नहीं करता। उन्हें मकान मिल रहा है। खाने को मिल रहा है। लेकिन, वे भारत का कानून भी तो मानें। भारत के संविधान का सम्मान करे। शरियत संविधान से बड़ी नहीं हो सकती। अगर मुसलमान इस बात को मानें तो भारत की जनता उन्हें सिर आंखों पर बिठाएगी। शायद मुसलमानों के मन में नहीं बना पाए जगह- सीएम योगी ने कहा कि कहा कि हम हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाए। इसलिए शायद मुसलमानों के मन में जगह नहीं बना पाए। हिन्दुस्तान में हमें यहां की मूल आत्मा का सम्मान करना पड़ेगा। हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता। जिसको गलतफहमी होगी कि हम इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो हम ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। हम देश की सुरक्षा और हिन्दु आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है। मथुरा से शुरू करेंगे चुनावी अभियान कहा-कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग करते हैं प्रशस्त सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है। ध्रुवीकरण की राजनीति नहीं करती। हम लोकआस्था का सम्मान करते हैं। हम कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वे दंगा करते थे, हम प्रदेश को कानून के राज के साथ दंगा मुक्त राज्य के रुप में स्थापित करते हैं। प्रदेश में अध्यात्मिक पर्यटन में यूपी में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वह जितनी बार अयोध्या, मथुरा और काशी गए हैं, उतना कोई भी मुख्यमंत्री नहीं गया। यही कारण है कि 2017 से पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में संभावनाओं के मामले में 100 गुना ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। लाखों लोगों को रोजगार मिला है। सीएम ने बताया कि वो अपना चुनावी अभियान मथुरा से शुरू करेंगे। केजरीवाल पर बोले-कानून से बड़ा कोई नहीं-दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है। इसलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर, लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। उन्होंने कहा कि कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझ पर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामला कोर्ट में है। इसे अब कोर्ट ही तय करेगी। पूरी दुनिया को परिवार मानने की अवधारणा पर है सीएए- सीएम योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। सीएए भारत के वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा है।

## यूपी में नया सियासी समीकरण: बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगी पल्लवी पटेल, पहले घोषित सीटों की सूची वापस ली




अपना दल कमेरावादी ने यूपी में तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए सूची जारी की थी। शनिवार को पार्टी ने सूची वापस ले ली है और कहा कि जल्द ही संशोधित सूची जारी की जाएगी।

यूपी में अपना दल कमेरावादी अब बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगा। इसके लिए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने लोकसभा की तीन सीटों पर चुनाव लड़ने के फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया है। पार्टी की नेता पल्लवी पटेल कल बसपा सुप्रीमो मायावती से मुलाकात करेंगी।इसके पहले, कृष्णा पटेल ने इंडिया गठबंधन के तहत अपने स्तर से ही तीन सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। अब उन्होंने घोषित सीटों की सूची वापस ले ली है। पार्टी की तरफ से जारी किए गए बयान में सीटों की सूची को अग्रिम सूचना तक निरस्त करने की बात कही गई है साथ ही कहा है कि शीघ्र ही संशोधित नई सूची जारी की जाएगी। अपना दल ने तीन सीटों मिर्जापुर, कौशांबी और फूलपुर में चुनाव लड़ने का एलान किया था। सीटों की घोषणा करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने कहा था कि हम इंडिया गठबंधन का हिस्सा हैं और अब तीन सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान करते हैं।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## बेटे ने कराया बाप का कत्ल: कलयुगी तो देख फफक पड़ी मां कहा- तूने ये क्या कर दिया... तेरा कौन सा शौक पूरा न किया

प्रतापगढ़ में फर्नीचर कारोबारी मो. नईम की हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बेटे ने ही अपने पिता की हत्या कल्लू डॉन गैंग के सदस्यों से छह लाख रुपये की सुपारी देकर कराई थी। बिगड़ैल बेटा पाबंदियों से तंग था। आरोपी बेटे ने एक लाख रुपये एडवांस दिए थे। गुरुवार को बाईपास के पास नगर पंचायत मोड़ पर वारदात के बाद पुलिस के हत्थे चढ़े एक आरोपी शूटर ने इसका खुलासा किया। पुलिस ने अब बेटे समेत दो आरोपियों को हिरासत में ले रखा है। बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।उधर, फर्नीचर कारोबारी नईम की हत्या के गम में डूबी पत्नी शमीम की आंखों के आंसू उस वक्त बर्फ हो गए, जब कत्ल का आरोप बेटे पर आया। जनाजे से वापस लौटने के बाद शमीम ने उसे घर के भीतर बुलाया। सवाल दागा कि यह क्या कर दिया तूने। तेरा कौन सा शौक पूरा नहीं किया। जिसने तुझे इतना बड़ा किया, उसे ही हमसे दूर कर दिया। तुझे करनी की सजा जरूर मिलेगी।रात से ही पुलिस की नईम के बेटे पर निगाह थी। जनाजे के दौरान उसके इर्दगिर्द सुरक्षाकर्मियों की मौजदूगी से लोगों की आंशका प्रबल होती जा रही थी। रिश्तेदारों में कानाफूसी शुरू हो चुकी थी। हिरासत में लेने के बाद तो हर किसी के पैरों तले जमीन खिसक गई। बेटे की मदद को आगे बढ़ रहे लोगों के कदम रुक गए हैं। पिता के कत्ल के आरोपी को लोग नफरत की निगाह से देखते रहे। चर्चा रही कि कातिल ने दिया कांधा। बहन सना का रो-रोकर बुरा हाल था। बेबस मां कहती रही कि अब वह किसके सहारे जिएगी।काश, भाई ने कुछ बताया होता तो बच जाती जान- बड़े भाई नसीम का कहना है कि भतीजे के हरकतों के बारे में नईम ने कुछ नहीं बताया। यदि वह कुछ बताए होते तो आज यह नौबत न आती। उनके परिवार पर तो दोहरी मार पड़ी है। सुनने में आ रहा है कि भतीजे के चलते भाई दुनिया से चला गया। उसे थोड़ी भी जानकारी नहीं थी। मझला भाई आसिफ खाड़ी देश से आ रहा है। परिवार को संभालना मुश्किल है।एक साल पहले अगवा की दी थी परिजनों को खबर- नईम के बेटे ने जनवरी 2023 में खुद को अगवा करने की जानकारी परिजनों को दी थी। परिवार के लोग बेटे को अगवा करने की खबर से सहम गए थे। पुलिस को भी जानकारी दी। तलाश के बाद दूसरे दिन वह सैफाबाद में मिला। कुछ लोगों द्वारा अगवा करने के बाद छोड़ जाने की कहानी बताई थी।पहले मिली खुली छूट से बिगड़ा बेटा- कस्बे के चिकपट्टी निवासी फर्नीचर कारोबारी मोहम्मद नईम व उसकी पत्नी अपने इकलौते बेटे को पहले खुले हाथ खर्च करने की छूट दी। छूट मिलने से वह गलत लोगों की संगत में पड़कर दिनोंदिन बिगड़ता चला गया। हकीकत पता चलने पर पिता ने उस पर पाबंदियां लगानी शुरू कर दी।संयम दिखाते तो बदमाशों का अंजाम कुछ और ही होता- फर्नीचर कारोबारी नईम की हत्या के बाद आक्रोशित व्यापारी पुलिस को अपना काम नहीं करने दिए। पुलिस बवाल की आशंका में सीएचसी से लेकर घटनास्थल तक ही भागदौड़ करती रही। यदि लोगों ने थोड़ा भी संयम दिखाया होता तो घटना के बाद भाग रहे बदमाशों को पकड़ा जा सकता था। पुलिस अफसर भी काम करने के बजाय लोगों की नाराजगी समेत दूसरी घटनाओं को रोकने के लिए मशक्कत करते रहे। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल का कहना है कि घटना के बाद लोग आवेश में आकर पुलिस के काम में व्यवधान करने लगते है। ऐसे में अपराधियों को भागने का पूरा मौका मिल जाता है। ऐसी वारदातों के बाद लोगों को संयम से काम लेना चाहिए। सुरक्षा के बीच शोक जताने वाले भी पहुंचे- फर्नीचर कारोबारी की हत्या के बाद चिकपट्टी मोहल्ले में सुरक्षा का बंदोबस्त किया गया था। शोक जताने वालों का घर से लेकर कब्रिस्तान तक तांता लगा रहा। रमजान में हुई घटना से हर कोई सदमे में नजर आया। कल्लू डान गिरोह के गुर्गों ने छात्र की बेरहमी से की थी पिटाई, पुलिस नहीं की कार्रवाई- दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे गुलाल निवासी संतोष पांडेय के 17 वर्षीय बेटे अभिनव पांडेय भी पट्टी कस्बे के भारत सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 11 का छात्र है। बुधवार को स्कूल से लौटते समय बेलसंडी गेट के मनबढ़ कल्लू डान गिरोह के गुर्गों ने सरेआम पीटा। असलहा भी लहराया। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। लोगों का कहना है कि यदि पुलिस कार्रवाई की होती तो शायद फर्नीचर कारोबारी की हत्या की घटना टल सकती थी।बेटे समेत छह लोगों के शामिल होने की संभावना-इस पूरे प्रकरण में मृतक के बेटे समेत छह लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। मृतक के बेटे के साथ उसके दो दोस्त, सीसीटीवी फुटेज में देखे गए तीन बाइक सवार, और माफिया गैंग के सरगना के शामिल होने के तार मिल रहे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### सरिया में दुपट्टा फसने से फांसी लगने से बच्ची की मौत, पुलिस ने शव का कराया पोस्टमार्टम

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ थाना महुआ खेड़ा इलाके के गांव ईसनपुर में खेलते समय एक बच्ची का दुपट्टा अचानक दीवार में लगी सरिया में फंस गया जिसके चलते फांसी लगकर बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई। ईसनपुर निवासी 10 वर्षीय बच्ची अफसाना अपने घर पर बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते खेलते वह अचानक दीवार से नीचे कूदी जिसके बाद बच्ची के गले में पड़ा दुपट्टा दीवार में लगी सरिया में फस गया जिसके चलते बच्ची की फांसी लग गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था जहां पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

### कॉलेज जाते समय राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आई छात्रा, हुई दर्दनाक मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ गभाना थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर ढोला की रहने वाली अलीगढ़ के टीकाराम महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कॉलेज जा रही थी। ट्रैक पार करते समय राजधनी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। जिससे छात्रा के शरीर के टुकड़े बिखर गए और उसकी मौत हो गई।गभाना थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर ढोला निवासी बच्चन बाबू की 20 वर्षीय बेटी शीतल अलीगढ़ के टीकाराम महाविद्यालय में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। वह पढने के लिए जा रही थी। तभी कुलवा रेलवे स्टेशन के ट्रैक को पार करते समय राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। जिससे छात्रा का शरीर टुकड़ों में बंट गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। छात्रा की मौत से परिवार में मातम छा गया।

### करंट से लाइनमैन की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती लाइनमैन की खंम्भे से तार जोड़ते समय गंभीर रूप से झुलस कर घायल। इलाज के लिए रास्ते में ले जाते समय हुई मौत। थाना क्षेत्र मल्हीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंडा के निवासी एजाज पुत्र छोटन आयु 27 वर्ष जो लाइनमैन का कार्य करता था। सुबह लगभग 11¬30 बजे ग्राम भैसहिया में खंभे पर चढ़?कर बिजली का तार जोड़ रहा था। इसी समय विद्युत आ गई और विद्युत के चपेट में आकर झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे जिला चिकित्सालय बहराइच ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गयी। परिजनो ने पुलिस को सूचना दी जहां मौके पर पुलिस पहुंचकर पंचनामा करके शव को परिजनों को सौप दिया है जिसका अंतिम संस्कार पैतृक निवास कुंडा में परिजनों द्वारा कर दिया गया है।

### 03 वारंटी गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती - श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा वांछित/वारन्टी की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में मिले आदेशों निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के कुशल निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी भिनगा व जमुनहा के कुशल निर्देशन में थाना को0 भिनगा पुलिस ने देखभाल क्षेत्र के दौरान 01 वारंटी व थाना मल्हीपुर से 02 वारन्टियों को उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया गया। मा0 न्यायालय द्वारा इनके विरूद्ध वारंट जारी किया गया था।

### ओडगी में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत सहकारी बैंक मर्यादित ओडगी में आये कृषकों को शत प्रतिशत




मतदान करने हेतु आह्वान किया गया कि आगामी चुनाव में लोगों को लोकतंत्र में मतदान करना है। लोगों को बताया गया तथा मतदान करने हेतु शपथ दिलाया गया ।इसमें संकुल ओडगी से श्री संजयदेव पाण्डेय और बी पी ओ ओडगी मोहम्मद महमूद ने लोगों को शपथ दिलाया।

# पोलिंग स्टेशन पर दिव्यांगजनों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

क्यूँ न लिखूँ सच




दिव्यांग मतदाता अपने मत का निर्भीकता से करें उपयोग, पोलिंग स्टेशन पर दिव्यांगजनों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला दिव्यांगजन अधिकारी द्वारा अपनी टीम के साथ दिव्यांगजनों से मतदान हेतु लगातार संपर्क अभियान जारी एटा, 22 मार्च 2024 (सू0 वि0)।जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जनपद की समस्त पोलिंग स्टेशनों पर दिव्यांग मतदाताओं हेतु बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जा रही है। सभी दिव्यांग मतदाता अपने मत का निर्भीकता के साथ उपयोग करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अवश्य शामिल हो। जनपद में 20 से अधिक दिव्यांग मतदाता वाले पोलिंग स्टेशन पर एक दिव्यांग मित्र एवं एक व्हीलचेयर की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ0 अजीत कुमार द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न पोलिंग स्टेशन पर जाकर व्यक्तिगत संपर्क किया जा रहा है। उनके द्वारा अभी तक हसनगढ़, जलेसर; रेजुआ, अवागढ़, नूहखेड़ा एवं नूहखास अवागढ़; कीलर मऊ, जीसुखपुर, शीतलपुर; गदनपुर, खेड़ा, बसुंधरा, निधौलीकलां; गिरौरा, मारहरा एवं प्रिंटिस गर्ल्स इंटर कॉलेज, एटा शहर आदि स्थलों पर दिव्यांगजन मतदाताओं से संपर्क किया गया है तथा उनके पंजीकरण के बारे में पूछताछ करते हुए रैंप, घर से मतदान, सक्षम ऐप एवं व्हीलचेयर आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। उल्लेखनीय है कि जनपद में अभी तक कुल 12599 दिव्यांगजन मतदाताओं का पंजीकरण हो चुका है। जनपदीय स्वीप समिति के द्वारा संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के साथ-साथ उनके द्वारा अधिकाधिक दिव्यांगजनों से संपर्क साधा जा रहा है ताकि समाज का यह वर्ग मतदान प्रक्रिया में अपनी सशक्त भूमिका दर्ज करा सके और इसके साथ ही अपनी समस्याओं के बारे में सीधे अधिकारी को अवगत करा सके।

# तहसील सदर बार एशोसिएशन ने किया होली मिलन समारोह

क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- सदर तहसील एटा बार एशोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र सक्सेना के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने होली मिलन समारोह में भाग लिया।कार्यक्रमके मुख्य अतिथि तहसीलदार सदर नीरज वाष्णेय रहे, कार्यक्रम का संचालन महासचिव मनोज यादव ने किया।इस अबसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता बी0सी0दास ने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है

लेकिन होली के बहाने हमे पुराने गिले शिकवे दूर करने का भी पूरा मौका मिलता है।बार महासचिव मनोज यादव ने कहा कि होली हुड़दंग का नही शालीनता का त्यौहार है हम लोग गले मिलकर सूखे रंगों से होली खेले, और गमी बाले परिजनों के घर जाकर उनके दु:ख-दर्द को मुस्कारके बाटें।बार के अध्यक्ष सुभाषचंद्र सक्सेना ने कहा कि होली के अबसर पर तहसील बार के समस्त अधिवक्ताओं का बार की ओर से स्वाथ्य बीमा कराया जाएगा, इस घोषणा से तहसील बार के अधिवक्ताओं के चेहरे खिल उठे और तालियों की गड़गड़ाहट से अध्यक्ष की बात का स्वागत किया।अंत में तहसील के समस्त न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं देते हुए अपनी वाड़ी पर विराम लगाया। कार्यक्रम में उपस्थित तहसीलदार सदर नीरज वाष्णेय के साथ ही समस्त नायाब तहसीलदार, अधिवक्ताओं में सुभाषचंद्र सक्सेना, मनोज यादव,बी0सी0दास, राज कमल जेदान, सुशील यादव, हितेस्वर सहाय,आशुतोष मिश्रा, देवेन्द्र कुमार लोधी, संजीव कुमार,अश्वनी पचौरी, देवेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शिव सिंह, शेर सिंह, अवनीश कुमार, कमलेन्द्र सिंह, कृपाल सिंह मानव, चतुरीलाल वर्मा आदिअधिवक्तागण मौजूद रहे।

# रीवा साईं बाबा मंदिर के प्रांगण में सिंन्ध के वीर सपूत अमर शहीद हेमू कालाणी जी की 101वीं जयंती

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप कुमार तिवारी

भारतीय सिंधू सभा रीवा मुख्य शाखा एवं युवा शाखा के तत्वाधान में पूरी श्रद्धा पूर्वक एवं उत्साह के साथ बनाई गई, उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत के अध्यक्ष श्री प्रहलाद सिंह जी एवं विशिष्ट अतिथि भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री महेश ठारवानी रहे, उक्त अवसर पर अमर शहीद हेमू कालाणी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया एवं फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से




स्वामी कमलदास जी, वीरेन्द्र गुप्ता जी,संतू लाल आहूजा, लद्धाभाई चंदीराम केसवानी सुदामालाल सचदेव, शंकर साहनी, खेमचंद लालवानी कमलेश सचदेव, नरेश काली, अजय माधवानी, विनोद पुरुस्वानी रामचंद्र आसनानी शेखर सचदेव,पप्पू मंजानी, प्रकाश तारानी,दुल्लीचंद नारु भाई मदन चुंगवानी कन्हैया मंगलानी, मनोहर कटारिया,हरीश कुलचंदानी, लक्ष्मण शिवनानी,अशोक रोहडा रमेश रामेजा, महेश हिरवानी, हरीश वाधवानी, दिलीप आसनानी, करमचंद सुंदरानी, श्रीचंद कोटवानी, जयप्रकाश खेमचंदानी, राम नारवानी,हासानंद, लक्ष्मीचंद गंगवानी, सहित सिंध समाज के अनेक वरिष्ठ नागरिकगण एवं युवा साथी उपस्थित थे

# राकेश टिकैत बोले- गैर भाजपाइयों के लिए जेल भरो अभियान चला रही भाजपा, केंद्र सरकार पर साधा निशाना



भाकियू नेता राकेश टिकैत ने कहा कि भाजपा गैर भाजपाइयों के लिए जेल भरो अभियान चला रही है। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार गैर भाजपाइयों के लिए जेल भरो अभियान चला रही है। देश पूंजिपतियों के हाथों में सौंप दिया है। किसानों की जमीनें व्यापारी खरीद रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष सरकार से ना डर करके जनता के हितों की आवाज मजबूती से उठाएं। राकेश टिकैत शनिवार को सहारनपुर के नागल के गांव मुस्तापुर में भाकियू अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष का पद छोड़कर टिकैत में शामिल हुए नरेश स्वामी के संयोजन में आयोजित घर वापसी कार्यकर्ता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए व्यवस्थापक की भूमिका में रहने की नसीहत दी। खर्च पर नियंत्रण और पुश्तैनी जमीनों को बेचने से किसान परहेज करें। टिकैत का घर वापसी करने वाले नरेश स्वामी, नीरज पहलवान और वीरेंद्र चौधरी ने पगड़ी पहना कर स्वागत किया। राष्ट्रीय सचिव चौधरी विनय कुमार ने पुनीत चौधरी को युवा मंडल महासचिव और वीरेंद्र चौधरी को मंडलीय मंत्री बनाने की घोषणा की।ये रहे मौजूद-पश्चिमी प्रदेश प्रवक्ता चौधरी रघुबीर सिंह, जिलाध्यक्ष चौधरी राजपाल सिंह, युवा जिलाध्यक्ष नदीम अंसारी, मंडल महासचिव डॉ. राजबीर कांबोज, जिला महासचिव अजय कांबोज, चौधरी पदम सिंह आदि रहे। इससे पहले नागल और छुटमलपुर में चौधरी राकेश टिकैत को कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष मूसा प्रधान, कादिर, अमित मुखिया, हसीब मलिक आदि शामिल रहे।

# पेड़ से लटका मिला युवक क शव, फोरेंसिक टीम ने की जांच

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ अकराबाद। थाना क्षेत्र के कस्बा कौडियागंज के निकट एक युवक का शव जंगल में पेड़ पर लटका मिला है। शव मिलने की सूचना पर पुलिस एवं एफएसएल टीम ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की है। थाना प्रभारी ऋषीपाल कसाना ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि की सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि कस्बा के निकट कब्रस्तान के पास किसी युवक का शव एक पेड़ पर फंदे में लटका हुआ है। जिसे देखकर प्रतीत हो रहा था कि युवक ने आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरकर कस्बा के लोगों को मौके पर बुलाकर शव की शिनाख्त कराने पर जानकारी हुई है कि 35 वर्षीय मृतक युवक का नाम जिला बुलंदशहर के थाना अनूपशहर के गांव बगसरा का रहने वाला मुस्तकीम है जो काफी समय से अपनी ससुराल कौडियागंज में पत्नी राबिया व बच्चों के साथ रहता था। परिजनों से घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# एंबुलेंस न मिलने पर हादसे में घायल ससुर-बहू की मौत, बेकाबू भीड़ ने किया हंगामा, कई थानों की पुलिस पहुंची



सीएचसी में एंबुलेंस न मिलने से हादसे में घायल ससुर-बहू ने दम तोड़ दिया। घटना से आक्रोशित भीड़ बेकाबू हो गई। उसने हंगामा शुरू कर दिया। कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है। उत्तर प्रदेश के आगरा में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ने बाइक में चक्कर मार दी। हादसे में ससुर-बहू की मौत हो गई। हादसा देख आसपास के लोग भागकर पहुंचे। खबर पाकर परिजन रोते-बिलखते पहुंच गए। आक्रोशित घरवालों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। हंगामा की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोग अधिकारियों को बुलाने पर अड़े रहे। भीड़ को बेकाबू होता देख अधिकारियों को सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर एसडीएम संदीप कुमार और एसीपी मौके पर पहुंचे। हालात काबू होता न देख कई थानों की पुलिस मौके पर बुलाई गई। हायर सेंटर ले के लिए नहीं मिली एंबुलेंस-हादसा खेरागढ़ थाना क्षेत्र के कागारौल रोड पर हुआ। थाना क्षेत्र के ही विधोली गांव निवासी बबलू (40) अपनी बहू रीता (23) के साथ बाइक पर जा रहे थे। तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। लोगों ने घायलों को नजदीकी सीएचसी पर पहुंचाया। हालत नाजुक देखते हुए वहां से हायर सेंटर के सलिए रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल में एंबुलेंस न होने पर उन्हें हायर सेंटर पर ले जाने में देरी हुई। एसडीएम के आश्वासन पर मानें- इससे पहले परिजन कोई निजी वाहन लाते। ससुर और बहू दोनों ने दम तोड़ दिया। व्यवस्थाओं से आक्रोशित लोगों ने अस्पताल में हंगामा करना शुरू कर दिया। वह शवों को पोस्टमार्टम के लिए नहीं ले जाने दे रहे थे। पहले जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। एसडीएम ने उन्हें कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर वह मानें और सड़क से हटे। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

## संक्षिप्त समाचार

# एसएसपी एटा द्वारा प्रशिक्षु उप-निरीक्षकों का परिचय लेकर भविष्य के लिए दी बधाई

क्यूँ न लिखूँ सच

एसएसपी एटा द्वारा प्रशिक्षु उप-निरीक्षकों का परिचय लेकर भविष्य के लिए दी बधाई, कहा कि अनुशासित रहकर समाज में अच्छे व्यवहार का परिचय दें और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का करें पालन। एसएसपी एटा श्री राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय पर गैर जनपदों से आए 39 प्रशिक्षु उप-निरीक्षकों से परिचय कर उनसे कहा कि प्रत्येक पुलिस वाले की समाज के प्रति बड़ी भूमिकाएं होती हैं जिन्हें वह विविध रूपों में पूर्ण करने का प्रयत्न करते हैं। चुनावों, रैलियों, यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने, हडताल, धरना, जुलुस की व्यवस्था, सार्वजनिक सम्पति की सुरक्षा, तस्करी रोकने तथा आम लोगों की शिकायत पर उनकी सुरक्षा करना पुलिस के प्रमुख दायित्व हैं, पुलिस समाज में शांति और व्यवस्था की रखवाली करती है और साथ ही अपराध को रोकने और घटित अपराधों की जांच करती है। अंत में एसएसपी एटा द्वारा भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अनुशासित रहकर समाज में अच्छे व्यवहार का परिचय दें और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करें।



# रिठौरा में बच्चों ने जमकर खेली होली

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा- नगर के पी0एन0दीवान पब्लिक स्कूल,दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय रिठौरा , कलारी, कलापुर,जीएलबी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में शनिवार को जमकर बच्चों ने होली खेली । प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने बच्चों को भक्त प्रह्लाद की कथा सुनाई।वहीं शिक्षकों ने भी एक दूसरे को रंग -गुलाल लगाकर एक -दूसरे होली पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर डाक्टर शिखा अग्रवाल,एकता सक्सेना, राजेश शर्मा, दीपाली सक्सेना, मयंक मल्होत्रा, दीपिका बनर्जी, सुलभ अग्रवाल, तरन्नुम प्रज्ञा गुप्ता सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# दीपक प्रदेश सचिव, आदित्य जिला प्रवक्ता मनोनीत हुए

क्यूँ न लिखूँ सच



रिठौरा- समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के लिए नगर के दीपक यादव को प्रदेश सचिव एवं समाजवादी युवजन सभा का जिला प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। इस आशय का पत्र अनीस राजा,युवजन सभा के डॉक्टर मोहित भारद्वाज ने सौंपा।उनके मनोनयन से नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रेमपाल सिंह यादव,कमल उर्फ अनिल यादव,मानसिंह, जितेन्द्र यादव,विशन स्वरूप, प्रशान्त यादव, दुर्गा प्रसाद आदि ने बधाई दी है।

# ट्रेन में बिना टिकट 400 यात्री पकड़े, वसूला तीन लाख जुर्माना

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। रेलवे की टीम ने स्टेशन पर गाजियाबाद -टूंडला ईएमयू पैसेंजर ट्रेन, महाबोधि एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में चेकिंग की। 400 यात्रियों को बिना टिकट पकड़ा.ट्रेनों में बिना टिकट यात्रियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अलीगढ़ स्टेशन पर कई ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

चेकिंग में करीब 400 यात्री बिना टिकट पकड़े गए। इनसे तीन लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज हिमांशु बोडानी के निर्देश पर एसीएम प्रयागराज अनिल गुप्ता के नेतृत्व में अलीगढ़ स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया। सीआईटी रामअवतार मीणा, जीत सिंह, रजनीश शर्मा आदि की टीम ने स्टेशन पर गाजियाबाद -टूंडला ईएमयू पैसेंजर ट्रेन, महाबोधि एक्सप्रेस, वैशाली एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में चेकिंग की। रेलवे अफसरों के अनुसार ट्रेनों में चेकिंग के चलते स्टेशन पर ही आय में बढ़ोतरी हुई एवं यात्री संख्या भी बढ़ गई। चेकिंग टीम में डॉली वर्मा, रेखा, खेमकरन, विनोद कुमार आदि शामिल थे।

# If you are buying colors for Holi, keep these things in mind, otherwise the festival will be spoiled.

The festival of Holi is being celebrated on 25 March this year. Holika Dahan is celebrated a day earlier i.e. on 24th March. As soon as the name of Holi comes, many types of colors start appearing in front of the eyes. Colorful faces, children holding pitchers and friends and



relatives applying Abir Gulal on each other's cheeks. This is another meaning of Holi. From children to adults are excited about Holi. Different types of colours, Abir Gulal have started being sold in the market. As the demand for colors increases during Holi, many types of chemical based colors are available in the market. Natural colors do not spoil the health of the skin, whereas chemical colors or artificial colors react on the skin. Due to which many types of problems can occur including itching and burning. While buying colors on Holi, keep in mind that it should be natural and not adulterated. Here are the ways to identify real and fake color, keep some things in mind while buying color. Check the packaging – If you are buying colors for Holi, then check the packaging of the packaged colors carefully. The packaging will contain details of the ingredients, read it carefully. If ingredients like rose, turmeric have been used in making colors then understand that these are natural colors. If chemicals have been used in the color making material then do not buy the color at all. Check the expiry date - Along with checking the color making material, their manufacturing and expiry date is given in the packaging. While buying color, definitely check its expiry date. Due to the use of natural ingredients in natural colours, their expiry date is only 6-7 months. Lab Test Certificate- Lab test certificate number is written on the packaging of colors. Manufacturers making organic colors, after testing the colors, mention the lab test certificate number on their packets. You should check this number while buying color. If the number is not written then do not buy the color. How to identify real and fake colors - While buying Holi colors, identify real and fake colors. Natural colors have less shine and chemical colors have sparkle, which makes them look brighter. Do not buy glittering colours.- While buying colours, feel them by touching them, sometimes glass is ground and mixed in the colours, which makes them look shiny, such colors can harm the skin.

# Serve saffron-pistachio thandai to guests on Holi, learn the simple way to make it here

Preparations for the celebration of Holi are going on across the country. On this festival of colors, Holi is celebrated in its own way in every state. On this day, people play Holi with their family, friends and special people and have a lot of fun. Apart from playing Holi, this day is



also known for various types of dishes. On the festival of Holi, various types of dishes are prepared in people's homes. Thandai is also included in these dishes. Actually, it has also started getting hot at this time. Due to this, people serve Thandai to their guests along with breakfast and drinks. Although you can buy Thandai powder from the market, but if you want to prepare it at home, then in this article we are going to tell you how to make delicious Thandai. If you serve this Thandai to your guests, they will never get tired of praising you. Ingredients for Thandai - Milk Sugar Cashews Pistachios Almonds Green cardamom Poppy seeds Black pepper Dried rose petals Saffron, fennel Method - To make Thandai, first mix almonds in one bowl and cashews, pistachios, melon seeds, poppy seeds in another bowl. Let it soak for a minute. After keeping all these aside, soak the saffron threads in some milk. After this, grind cardamom, fennel, black pepper and rose petals thoroughly and make a fine powder. When all the ingredients are ready, boil milk in a pan. When milk starts boiling, add sugar in it and keep mixing. After this add saffron milk in it. At the end, add milk and mix everything properly. Now after stirring all the milk thoroughly, turn off the gas and cool the thandai. When it cools down, serve Thandai to your guests on Holi.

# Colors and gulal can increase breathing problems during Holi, doctor gives important tips for asthma patients

Holi, the festival of colours, is celebrated across the country. This festival brings with it a lot of happiness and celebration. Different types of sweets, colors and interaction with people make Holi even more special. However, health experts say that amidst the excitement of Holi, it is very important to take care of your health. Especially people who already have respiratory problems like asthma, bronchitis or lung disease should become even more alert. The colors flying everywhere on the day of Holi can increase problems for people suffering from respiratory problems. Due to Gulal spread in the environment, you may have difficulty in breathing and shortness of breath. Colors can also trigger allergies in some people, making breathing difficult. Let us know what things asthma patients should keep in mind during the days of Holi so that respiratory problems can be avoided. Color and Gulal can trigger respiratory problems - Asthma blockage in the airways. difficulty in breathing, cough environmental conditions, health complications. Coloring the environment can also be a colors and gulal powder may only increases lung problems respiratory system. This is the asthma or breathing problems problem - In conversation, Dr Pulmonary Medicine, Manipal the festival of Holi. Patients to gulal, pollution in the air in breathing and sometimes of Holi colors containing lead contact with which can cause some things in mind to avoid Respiratory patients should says, respiratory patients during Holi. People with distance from smoke during



is a serious lung disease in which there is Shrinkage and swelling occur. This causes and chest pain. Due to many adverse asthma patients are at risk of increasing and the resulting increased pollution in risk factor. According to a study, Holi contain many small particles, which not but can also pose a serious threat to your reason why people who already have should be careful. Holi and asthma Sheetal Chaurasia, Department of Hospital, Bengaluru, says, Asthma during need to be careful about their health. Due increases which can cause cough, difficulty even respiratory failure. There is a danger and many toxic substances, coming in allergic problems. It is important to keep triggering respiratory problems. keep these things in mind - Dr. Sheetal should take special care about some things respiratory problems should keep Holika Dahan. While going out of the house on the day of Holi, it is important to wear a mask so that one can be protected from the pollutants present in the air. Stay away from colors also, clean the colors around the face and nose immediately. Do not be careless about respiratory medicines, always keep an inhaler with you. Whenever you feel that difficulty in breathing or cough has increased, immediately consult your doctor. These precautions are also important - for respiratory patients. Consuming a nutritious diet can be helpful in preventing many types of complications. Dry throat due to colors or drinking less water can cause dehydration, which can cause difficulty in breathing. Keep drinking plenty of water along with a nutritious and healthy diet. Avoid any kind of intoxication during Holi. Smoking and alcohol can worsen your symptoms.

# 'Furiosa' to have a blast at Cannes Film Festival, the world premiere of the film will take place on this day

Recently, the second trailer of the film 'Furiosa: A Mad Max Saga' was released. Now another interesting news has come out regarding this. The world premiere of this film will be at the Cannes Film Festival. This information has been given by Cannes Film Festival. It is known



that 'Furiosa: A Mad Max Saga' is a prequel to director George Miller's film 'Mad Max: Fury Road' released in 2015. 'Furiosa: A Mad Max Saga' will be shown at the Cannes Film Festival on this date. Will premiere on May 15. This film is made under the direction of George Miller. George Miller has expressed happiness about the premiere in Cannes. Earlier in the year 2015, 'Mad Max: Fury Road' also premiered at Cannes. Now after almost nine years, it is a matter of pride for the makers to have the premiere of its prequel in the festival. The film to be released on this day - 'Furiosa: A Mad Max Saga' will be released in theaters on May 24. The previous film in the Mad Max franchise starred Charlize Theron as Imperator Furiosa. The new film centers on Furiosa, aka Anya Taylor Joy, who is kidnapped as a child by warlord Dementus, aka Chris Hemsworth, and finds herself finding a way back to her home in the Green Place of Many Mothers.George Miller expressed happiness - Regarding the premiere of the film at the Cannes Festival, George Miller said, 'I am very excited to return to the Cannes Festival through 'Furiosa: A Mad Max Saga'. It is a matter of great pleasure. There can be no better platform than this to enjoy this film with the audience.


# These Hollywood science fiction films are ready to create a stir, great adventure will be seen on screen.

The year 2023 was great for the box office. Many great films were released in theaters one after the other, which were greatly appreciated by the audience. These films lived up to the expectations of the audience as well as the makers. Along with Bollywood, Hollywood films were also included in these films. Now this year also many such films are ready for release, in which there is a lot of enthusiasm among the audience regarding Hollywood science fiction films. Let us tell you about these films. The first name in this list is of the film 'Alien: Romulus'. This film directed by Fede Alvarez is the ninth film of the 'Alien' franchise, about which there is a lot of excitement among the audience. The film will be released on August 16, 2024, while in India it will be released on August 15, a day before the US. The teaser trailer of this film was released on Wednesday, which the audience is liking very much. The next name in the list is 'Rebel Moon' Part 2. The space adventure 'Rebel Moon - Part 2: The Scargiver' is directed by Zack Snyder, which depicts the power struggle on the fictional planets of the universe and the fight for survival there. This film will be released on Netflix on April 19. The first part of the film was released in December 2023, which was liked a lot by the audience, now there is a lot of enthusiasm among the audience about the second part of the film also. Recently the trailer of the film was also released, which the audience is liking very much. The audience is also eagerly waiting for Oscar-winning director Bong Joon's film 'Mickey 17'. Hollywood star Robert Pattinson is in the lead role in the film, who left his mark on the audience by becoming a vampire in 'Twilight'. Currently, the audience is waiting for the actor's next science fiction film. The next name in the list is the eighth film of the 'Transformers' franchise, 'Transformers One', this film has a different audience. The audience has given a lot of love to every part of the film. Now 'Transformers One' is ready for release. The film will be released in theaters on '13 September'. Hindi audiences are also eagerly waiting for these films.



# Kangana got angry on PM Meloni's deepfake video, said - no woman can escape harassment

Bollywood actress Kangana Ranaut has reacted to Italian Prime Minister Georgia Meloni's demand for compensation of around Rs 90 lakh over her deepfake adult video. Kangana said that despite being successful, no woman can escape online bullying and harassment. Let us know what is the matter. It is known



that Italian Prime Minister Georgia Meloni, who has made headlines in India, has become a victim of deepfake. He has expressed his anger at the accused of making deepfake video and posting it online. Besides, a compensation amounting to one lakh Euro has been demanded from the accused. This amount is around Rs 90 lakh in Indian rupees. According to media reports, two accused put Meloni's face on the face of an adult film star and uploaded it on an American adult site. Now actress Kangana Ranaut has given her reaction in this matter. Kangana shared a news report of Italy PM on her official Instagram and wrote, "No woman can escape sexism, bullying and harassment and we think being successful will make us feel safe and respected. Shame." Let us tell you that the police is investigating the accused person and his father, who are believed to be responsible for making the video. A BBC report said that in the viral deepfake video, the two allegedly replaced Meloni's face with that of an adult film actress. On the work front, Kangana was last seen in the film 'Tejas'. Which was released in October 2023. After this, his project is 'Emergency', which he has also directed. Kangana will be seen playing the role of former Prime Minister of India Indira Gandhi in the film.This amount is around Rs 90 lakh in Indian rupees. According to media reports, two accused put Meloni's face on the face of an adult film star and uploaded it on an American adult site. Now actress Kangana Ranaut has given her reaction in this matter. Kangana shared a news report of Italy PM on her official Instagram and wrote, "No woman can escape sexism, bullying and harassment and we think being successful will make us feel safe and respected. Shame." Let us tell you that the police is investigating the accused person and his father, who are believed to be responsible for making the video. A BBC report said that in the viral deepfake video, the two allegedly replaced Meloni's face with that of an adult film actress. On the work front, Kangana was last seen in the film 'Tejas'. Which was released in October 2023. After this, his project is 'Emergency', which he has also directed. Kangana will be seen playing the role of former Prime Minister of India Indira Gandhi in the film.

